# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 29.07.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने और पन्द्रह अगस्त से पहले अपने सुझाव भेजने को कहा है।
- प्रधानमंत्री ने लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने और सेल्फी लेकर इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का अनुरोध भी किया है।
- अंडमान निकोबार पुलिस के सड़सठवें बैच के सेवाओं के तेरह वर्ष पूरा होने के अवसर पर कई सामाजिक गतिविधियां आयोजित की गई।
- निकोबार गेम्स और स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से निकोबार ज़िला भारतोलन चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।
- विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप के कल दिन में दस बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने और पन्द्रह अगस्त से पहले अपने सुझाव भेजने को कहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर इसे अपलोड करने और सुझावों को MyGov या नमो ऐप पर भी सुझाव भेजने का अनुरोध किया है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने और सेल्फी लेकर इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का अनुरोध भी किया है।

इस बीच, मध्योत्तर अंडमान जिले के सभी पुलिस थानों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संबंधित थानों के परिसरों में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इसमें थाने के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के सड़सठवें बैच के सेवाओं के तेरह वर्ष पूरा होने के अवसर पर कई सामाजिक गतिविधियां आयोजित की गई। कल नगरपालिका परिषद के सहयोग से हैडो समुद्री क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर द्वीपों के पद्मश्री से सम्मानित और स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर नरेश चन्द्र लाल सहित अन्य स्वयं सेवकों ने इसमें भाग लेकर तट क्षेत्र से करीब तेरह बैग कूड़ा–कचरा एकत्र किए। प्रणब कन्या संघ में भोजन का वितरण किया गया और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के अलावा वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया।

<><><><><><><>

पहाड़गांव थाना पुलिस ने हाल ही में चोरी के एक मामले को आठ घंटे के भीतर सुलझाया है। छब्बीस जुलाई को डॉलीगंज क्षेत्र में दिन में साढ़े दस बजे एक व्यक्ति और उनकी पत्नी के साथ सड़क पर तेजी से आ रहे कार में सवार चालक और दो व्यक्तियों ने उनके साथ छेड़खानी की और गहने छीन कर भाग निकले। थाने में तीन अज्ञात व्यक्तियों पर बी एन एस दो हजार तेईस की धारा के तहत मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक टीम गठित कर छानबीन आरंभ की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पच्चीस वर्षीय डॉलीगंज निवासी दिनेश, अट्ठाईस वर्षीय डॉलीगंज निवासी रूपेश कुमार थापा और चौबीय वर्षीय गुप्तापाड़ा निवासी एस. शिवाराज को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक

हिरासत मे भेज दिया गया। यह पूरी कार्रवाई दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की निगरानी में किया गया।

<><><><><><><>

निकोबार गेम्स और स्पोर्टस एसोसिएशन की ओर से पिछले दिनों निकोबार ज़िला भारतोलन चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। अंडमान निकोबार राज्य ओलम्पिक संघ के सहयोग से विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस चैम्पियनशिप के लड़कियों के सत्रह वर्ष आयु वर्ग के पैंतालीस किलोग्राम वर्ग में ऐलिस ने स्वर्ण पदक जीता। जूनियर और वरिष्ठ वर्ग में अलास्का ऐलीना ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लड़कों के सत्रह वर्ष, बीस वर्ष और वरिष्ठ वर्ग के तीनों श्रेणियों के पचपन किलोग्राम वर्ग में बर्नड को स्वर्ण पदक मिला।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय और भातुबस्ती स्कूल मैदान में कुल चार मैच खेले गए।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत द्वीपसमूह से अब तक पच्चीस हजार एक सौ चालीस परिवारों के बहत्तर हजार दो सौ सत्तावन सदस्यों ने पंजीकरण करवाएं हैं और ये सभी पांच लाख रूपये तक की नगदी रहित उपचार पाने के हकदार है। योजना के तहत कॉर्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ओंकोलॉजी जैसी बीमारियों के इलाज के लिए पंजीकृत मरीजों को उपचार के लिए मुख्यभूमि के अस्पतालों में भेजा जाता है। अब तक करीब एक हजार नौ सौ पचास लाभार्थियों को

मुख्यभूमि के सूचीबद्ध अस्पतालों में भेजा जा चुका है। योजना को सहयोग देने वाली क्रियान्वयन एजेंसी ने डिगनाबाद में अपना कार्यालय भी स्थापित किया है, जहां योजना से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई जाती है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में चार वर्षीय समन्वित शिक्षा कार्यक्रम के लिए विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए एक और दो अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे परामर्श लिया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। कक्षाएं तीन अगस्त से आरंभ होगी।

उधर, डॉ. बी. आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में विभिन्न विभागों में अतिथि प्रवक्ताओं और अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए तीन अगस्त तक सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। योग्यता, साक्षात्कार के लिए कार्यक्रम और डेमो विषयों का विवरण संस्थान के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कार्यदिवसों में सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक अकादमिक प्रकोष्ठ से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भुवनेश्वर के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में द्वीपों के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित बी एससी बीएड पाठ्यक्रम की तीन सीटों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों का परामर्श एक अगस्त को शाम साढ़े तीन बजे सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में रखा गया है। संबंधित उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

भाजपा के राज्य सचिव के. परमाशिवम और हिन्दी साहित्य कला परिषद ने परिषद के सदस्य मारकण्डेय तिवारी के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया।

<><><><><><><>

गैर सरकारी संगठन ह्यूमन टच की ओर से सागरीतारा स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड पार्षद अमर देवी, स्कूल के प्रधानाचार्य, प्रबंधक, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप के कल दिन में दस बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में दो सौ से अधिक यात्री सवार हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। ननकौड़ी और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक छः मिलीमीटर, कार निकोबार में पांच और लांग आइलैंड में तीन दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>